भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3173

जिसका उत्तर 12 मार्च, 2020 को दिया जाना है।

.....

स्नान घाटों का निर्माण

3173. श्रीमती कविता सिंह:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में 'नमामी गंगे कार्यक्रम' के अंतर्गत गंगा नदी में स्नान करने के लिए निर्मित घाटों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(ख) बिहार के सीवान जिले के दोन दारौली और सिसवान में गंगा नदी में आधुनिक स्नान घाटों के निर्माण और सौंदर्यीकरण के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

उत्तर

जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)

(क) राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने गंगा नदी के किनारे 154 नहाने वाले घाटों के निर्माण को स्वीकृति दी है, जिनमें से 124 घाटों का निर्माण पहले ही हो चुका है| इसके अतिरिक्त, एनएमसीजी ने स्वच्छ गंगा निधि (सीएफजी) के तहत 23 घाटों के निर्माण को स्वीकृति दी है|

(ख) एनएमसीजी ने बिहार के सिवान जिले के दोन दरौली और सिसवान में नहाने वाले घाटों के निर्माण और सौंदर्यीकरण के लिए परियोजनाओं की स्वीकृति का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं किया है|

*****